RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : बुधवार, 09 नवंबर 2022 | वर्ष 04 | अंक 175 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
®
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## मंत्री अब्दुल सत्तार के आवास पर पथराव करने पर NCP नेताओं समेत 22 पर मामला दर्ज



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के मंत्री अब्दुल सत्तार के घर पर पथराव करने और नारेबाजी करने के मामले में मुंबई पुलिस ने राकांपा नेताओं समेत 22 लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की सांसद सुप्रिया सुले के खिलाफ कथित रूप से बयान देने के बाद पार्टी नेताओं ने अब्दुल सत्तार के घर पथराव और नारेबाजी की थी।

मुंबई पुलिस ने सोमवार रात बेगमपुरा थाने में 22 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया जिनमें से 17 की पहचान कर ली गयी है। प्रदेश के कृषि मंत्री सत्तार ने सोमवार को सुले के खिलाफ अपने कथित आपत्तिजनक बयानों से विवाद खड़ा कर दिया जिसके बाद राकांपा कार्यकर्ताओं ने कई शहरों में प्रदर्शन किये। अधिकारियों के अनुसार औरंगाबाद और मुंबई में सत्तार के आवास पर पथराव किया गया, वहीं उनके गृह नगर सिल्लोड एवं पुणे, ठाणे, औरंगाबाद, जालना, नागपुर तथा पंढरपुर में उनके खिलाफ प्रदर्शन किये गये। भारतीय दंड संहिता की धारा 143 (गैरकानूनी तरीके से जमा होना), 147 (दंगा भड़काना) और अन्य संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। शिकायत में राकांपा के जिलाध्यक्ष कैलाश पाटिल, पार्टी नेता शेख कय्यूम, नीलेश राउत, मयूर सोनावणे, अनुराग पाटिल समेत अन्य के नाम दर्ज किए गए हैं। बता दें कि सुप्रिया सुले के खिलाफ मंत्री अब्दुल सत्तार के विवादित बयान को लेकर एनसीपी ने मांग की है कि अब्दुल सत्तार का इस्तीफा होना चाहिए। इसके अलावा एनसीपी ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को भी मंत्रालय में नहीं आने देने की धमकी दी है।

### केंद्रीय मंत्री नारायण राणे बोले-
## महाराष्ट्र आने के लिए प्रतीक्षा सूची में कई विदेशी कंपनियां



**मुंबई :** केंद्रीय मंत्री नारायण राणे ने मंगलवार को कहा कि दुनियाभर से कई परियोजनाएं महाराष्ट्र में आने का इंतजार कर रही हैं। एकनाथ शिंदे-भाजपा सरकार उद्योगपतियों को अपनी इकाइयां स्थापित करने के लिए अनुकूल माहौल मुहैया कराएगी। पिछले कुछ महीनों में कई परियोजनाओं ने अपनी इकाइयों को राज्य से बाहर स्थापित करने का फैसला किया है। एमएसएमई मंत्री राणे फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन द्वारा आयोजित एक प्रदर्शनी में भाग लेने के लिए पहुंचे हुए थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि हाल ही में परियोजनाओं के गुजरात चले जाने को लेकर शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार की काफी आलोचना हुई, ये आलोचना राजनीतिक प्रकृति की थी। उन्होंने पिछली महा विकास अघाड़ी सरकार (एमवीए) पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कुछ महीने पहले तक सत्ता में रहने वाले लोग राज्य में नई योजनाएं लाने में विफल रहे। राणे ने आगे बताया कि महाराष्ट्र के मुंबई समेत अन्य हिस्सों में दुनियाभर से कई परियोजनाएं प्रतीक्षा सूची में हैं। राज्य सरकार इन परियोजनाओं के लिए उपयुक्त वातावरण प्रदान करेगी। हाल ही में दो बड़ी परियोजनाओं वेदांत-फॉक्सकॉन का चिप प्लांट और टाटा-एयरबस की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट गुजरात स्थानांतरित हो गई थी, इसके बाद महाराष्ट्र सरकार को विपक्ष की आलोचना का सामना करना पड़ा था। राणे ने कहा कि यह कहना राजनीतिक आलोचना है कि परियोजनाएं महाराष्ट्र से स्थानांतरित हो गईं।

## देवेंद्र जी, अगर आप काम नहीं कर सकते, तो तुरंत इस्तीफा दें : अंधारे



**मुंबई :** ठाकरे समूह की नेता सुषमा अंधारे ने आज एक संवाददाता सम्मेलन में संभाजी भिंडे और अब्दुल सत्तार की आलोचना की। कुछ दिन पहले संभाजी भिंडे ने एक महिला पत्रकार को बिंदी को लेकर विवादित बयान दिया था। सोमवार को राज्य के कृषि मंत्री अब्दुल सत्तार ने बोलते हुए सांसद सुप्रिया सुले को गालियां दीं. सुषमा अंधारे ने उनकी आलोचना करते हुए कहा कि गृह मंत्री देवेंद्र फडणवीस एक शब्द भी नहीं कह रहे हैं। तो उन्होंने सीधे देवेंद्र फडणवीस को इस्तीफा देने के लिए कहा, उन्होंने कहा ''देवेंद्र जी, अगर उन सभी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा सकती है, तो इस्तीफा दें, अगर आप काम नहीं कर सकते हैं, तो बस इस्तीफा दें।'' उन्होंने महिला आयोग से जारी करने का अनुरोध किया।

## विरार में खुले मैनहोल से मिली महिला की लाश



**वसई :** विरार में खुले मैनहोल से एक 68 वर्षीय महिला की लाश मिलने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक महिला का नाम कमलाबेन मेहता (68) वर्ष है। स्थानीय लोगों से मिली सूचना पर पहुंची विरार पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उक्त मामले में आगे की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, विरार पश्चिम के एमबी इस्टेट में रहने वाली वाली कमलाबेन प्रतिदिन सुबह विरार के जैन मंदिर में जाती थी। सोमवार को जैन मंदिर में होने वाले एक धार्मिक प्रवचन के लिए वह भोर में साढ़े पांच बजे घर से निकली थी। सुबह आठ बजे तक जब वह घर वापस नहीं लौटी तो उनके घर वालों ने उनकी तलाश शुरू की थी, लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला। महिला के गुमशुदगी के 24 घंटे पूर्ण न होने के कारण पुलिस ने शिकायत दर्ज नहीं की थी। जिसके कारण परिजनों ने समाज के माध्यम से उनकी खोज के लिए लोगों से आवाहन किया था।

## 25 लाख रुपए नकदी और गहने लेकर फरार...!

### बहन की शिकायत पर भाई गिरफ्तार



**मुंबई :** संपत्ति का बंटवारा न होने से नाराज एक भाई ने बहन की डोली उठने से पहले ही चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। दरअसल पीड़ित बहन अपनी शादी के लिए घर में २५ लाख रुपए नकदी और गहने संभालकर रखी थी। हालांकि उसका भाई पिता की संपत्ति में बहन से बंटवारा करना चाहता था लेकिन बहन हमेशा की तरह इनकार करती रही, जिससे नाराज भाई ने एक मास्टर प्लान बनाया और बहन के घर से उसके आभूषण और नकदी लेकर फरार हो गया। बहन की शिकायत पर क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी भाई को गुजरात से गिरफ्तार कर लिया है।

डीसीपी विजयकांत सागर ने बताया कि पीड़ित युवती मीरा रोड की निवासी है और परिवार के साथ रहती है। शनिवार की शाम पीड़ित परिवार विवाह की शॉपिंग करने घर से बाहर गया हुआ था। मालाड के मालवणी क्षेत्र में रहनेवाला आरोपी भाई रात करीब ९ बजे बहन के घर आया था। हालांकि इस दौरान बिल्डिंग के सुरक्षा रक्षक ने उसे घर में जाने की इजाजत नहीं दी। लेकिन आरोपी बीमारी का बहाना बनाकर उसके घर में घुस गया। घर की तिजोरी तोड़कर उसमें रखे नकदी और गहने लेकर रात करीब ११ बजे भाग गया। घरवाले जब देर रात घर आए तो भाई की काली करतूत का खुलासा हुआ। पीड़ित की शिकायत पर जांच के लिए क्राइम ब्रांच पुलिस निरीक्षक अविराज कुराडे, सहायक पुलिस निरीक्षक पुष्पराज सुर्वे, पीएसआई हितेंद्र विचारे की तीन टीम बनाई गई।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना के तुरंत बाद पुलिस बिल्डिंग सहित शहर में लगाए गए सीसीएसटी फुटेज की जांच में लग गई और मुखबिरों को एक्टिव किया गया। जांच के दौरान पुलिस को पीड़िता के भाई का फुटेज मिला, जिससे इस चोरी का राज खुल गया। पीड़ित की निशानदेही पर पुलिस टीम मालाड के मालवणी क्षेत्र पहुंची, किंतु आरोपी पूरे परिवार के साथ घर बंद करके फरार हो गया था। हालांकि इस दौरान मुखबिरों से सूचना मिली कि आरोपी परिवार के साथ गुजरात गया है। पुलिस टीम गुजरात के वापी, सूरत और वलसाड में जाल बिछाया और आरोपी को वलसाड से गिरफ्तार कर लिया।

## विले पार्ले इलाके में बड़ा हादसा!

### सिलेंडर फटने से पांच लोग घायल, अस्पताल में भर्ती



**मुंबई :** मुंबई के विले पार्ले इलाके में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां के वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे के पास न्यू कल्पना चॉल में सुबह-सुबह सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। इस घटना में पांच लोग घायल हुए हैं, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। आस पड़ोस के लोगों का कहना है कि धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि अफरा-तफरी मच गई। बीएमसी अधिकारियों ने बताया, न्यू कल्पना चॉल में लेवल-1 सिलेंडर ब्लास्ट हुआ। उन्होंने बताया, हमें सुबह छह बजे हादसे की सूचना प्राप्त हुई, जिसके बाद हम मौके पर पहुंचे। हादसे में पांच लोग घायल हुए हैं, जिनकी पहचान जयराम यादव, हरे कुमार राय, राकेश कुमार राय, अरुण कुमार राच और अमर राय के रूप में हुई है। सभी घायलों को वीएन देसाई अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। अधिकारियों ने बताया, पांचों घायलों की हालत स्थिर बनी हुई है।

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# सवर्णों को आरक्षण... !

गरीब सवर्णों को आरक्षण देने पर सुप्रीम कोर्ट ने भी मुहर लगा दी है और इसके साथ ही आरक्षण के समग्र आधिकारिक स्वरूप में फिर बदलाव की शुरूआत हो जाएगी। हालांकि, यह महत्वपूर्ण फैसला सुप्रीम कोर्ट ने बहुमत से किया है। तीन न्यायमूर्ति इस व्यवस्था के पक्ष में थे, जबकि प्रधान न्यायाधीश यू यू ललित और न्यायमूर्ति एस रवींद्र ने इस आरक्षण के खिलाफ मत देते हुए इसे अवैध और भेदभावपूर्ण करार दिया है। पांच जजों की पीठ की ओर से बहुमत से आए इस फैसले के बाद सवर्ण गरीबों को दस प्रतिशत आरक्षण मिलना जारी रहेगा। अभी तक संशय बना हुआ था कि गरीब सवर्णों को आरक्षण मिलना चाहिए या नहीं, क्योंकि आरक्षण की व्यवस्था तो अनुसूचित जातियों-जनजातियों व अन्य पिछड़ी जातियों के लिए हुई थी। संसद ने 103वें संविधान संशोधन के जरिये 2019 में आर्थिक रूप से पिछड़ों (ईडब्ल्यूएस) को आरक्षण देने के लिए कानून बनाया था। सरकार के इस फैसले को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी गई थी, जिस पर अब फैसला आया है और इसका व्यापक सामाजिक-राजनीतिक असर भी विभिन्न राज्यों में दिखेगा। जाहिर है, जब संसद ने कानून बना दिया है, तो उस कानून को चुनौती देना आसान नहीं है। फिर भी दो न्यायमूर्तियों की राय विपरीत रही है, यह वास्तव में संकेत है कि गरीब सवर्णों को आरक्षण देने का मामला आगामी दिनों में भी गरम रहेगा। क्या आरक्षण से असंतोष को दूर किया जा सकता है? क्या आरक्षण की बढ़ती मांग को खारिज किया जा सकता है? इसी फैसले में न्यायमूर्ति पारदीवाला ने कहा है, यह विचार करने की जरूरत है कि आरक्षण कब तक जरूरी है? उन्होंने यह भी कहा कि गैर-बराबरी को दूर करने के लिए आरक्षण कोई अंतिम समाधान नहीं है। यह सिर्फ एक शुरूआत है। मतलब आरक्षण का सवाल बहुत व्यापक है और हमें इसके लाभ-हानि पर विचार करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। पिछड़ी जातियों, जनजातियों और गरीब सवर्णों के बीच भी जो वास्तविक वंचित हैं, उनको हम लाभ पहुंचा पाएं, तो इससे बेहतर कुछ नहीं। अपने देश में अभी भी वंचितों की बड़ी संख्या है, जिसे मदद की जरूरत है। सरकारों को अपने स्तर पर कोशिश करनी चाहिए कि किसी वर्ग को कागज पर आरक्षण देने से ज्यादा जरूरी है, उस वर्ग के जरूरतमंदों तक आरक्षण को पहुंचाना, लेकिन क्या ऐसा हो रहा है?

सर्वोच्च न्यायालय के इस अहम फैसले पर राजनीति भी तेज हो गई है। अधिकतर राजनीतिक पार्टियों ने इस फैसले का स्वागत किया है, तो वहीं दलित समुदाय के कुछ बुद्धिजीवियों के स्वर प्रतिकूल हैं। आखिर नाराजगी कहां है और क्यों है? दरअसल, सर्वोच्च न्यायालय पहले आरक्षण को 50 प्रतिशत से बढ़ाने से इनकार कर चुका है। ओबीसी वर्ग को जब ज्यादा आरक्षण देने की बात आती है, तब इंदिरा साहनी मामले में लगी 50 प्रतिशत की ऊपरी सीमा का हवाला दे दिया जाता है, लेकिन जब 10 प्रतिशत आरक्षण गरीब सवर्णों को मिलेगा, तब आरक्षण की सीमा वैसे ही 60 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी। इसका सीधा सा अर्थ है, 50 प्रतिशत की आरक्षण सीमा का अब कोई व्यावहारिक अर्थ नहीं रह गया है। ऐसे में, आबादी के अनुपात में अन्य पिछड़ी जातियों या ओबीसी को ज्यादा आरक्षण देने के बारे में जरूर सोचना चाहिए।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

## मुंबई के 'इस्लाम जिमखाना' में नहीं होगा इंटरनेशनल हलाल शो

# विरोध के बाद रद्द...

## यहीं के जनरल सेक्रेटरी ने स्तनों पर हाथ रख महिला को दिया था धक्का

**मुंबई :** मुंबई में मरीन ड्राइव के पास स्थित 'इस्लाम जिमखाना ने हिंदू संगठनों द्वारा आपत्ति जताए जाने के बाद 12 और 13 नवंबर को होने वाले 'इंटरनेशनल हलाल शो इंडिया' को रद्द कर दिया है। रिपोर्टों के अनुसार, फूड से लेकर कॉस्मेटिक्स तक 100 से अधिक हलाल व्यवसायों को इस कार्यक्रम में भाग लेना था। शो में डेयरी, मांस प्रोडक्ट, अनाज, नट, दालें, स्नैक्स, फल, सब्जियाँ, कॉस्मेटिक्स, कपड़े, जूस और पेय पदार्थ के अलावा चमड़े के कपड़े जैसे उत्पादों का प्रदर्शन किया जाना था।


'इस्लाम जिमखाना' के अध्यक्ष यूसुफ अब्राहनी ने बताया, ''हमें संदेश मिला कि कुछ संगठन हलाल शो के आयोजन का विरोध कर रहे हैं और हमने शांति और कानून व्यवस्था बनाने रखने के लिए इस शो को रद्द कर दिया। हम शांति को बढ़ावा देना चाहते हैं और जिस समय में हम रह रहे है, इसमें ऐसे शो



को अनुमति देना समझदारी नहीं होगी।'' आयोजकों में से एक ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि शहर में कोरोना महामारी के दौरान एक हलाल शो सफलतापूर्वक आयोजित किया गया था और उस वक्त किसी ने भी इसका विरोध नहीं किया था। मालूम हो कि इसी तरह का एक शो इस्लाम जिमखाना में 25-26 जनवरी, 2020 के बीच 'हलाल काउंसिल ऑफ इंडिया' के सहयोग से आयोजित किया गया था। बताया जा रहा है कि पिछले हफ्ते 'हिंदू जनजागृति समिति' संगठन ने 'हलाल शो' के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि यह आयोजन 'इकोनॉमिक जिहाद' का हिस्सा है और अधिकारियों से इस आयोजन को रोकने की माँग की। कुछ अन्य संगठन भी शो के खिलाफ सामने आए। 'हलाल व्यापार मेला' रद्द करने के लिए सोशल मीडिया पर भी अभियान भी चल रहा है। दरअसल, आयोजक इस आयोजन में इंटरेस्ट फ्री फाइनेंस, हलाल ई-कॉमर्स, हलाल पर्यटन और मुस्लिम-अनुकूल अस्पतालों को बढ़ावा देते हैं। यह व्यापार मेला हलाल काउंसिल ऑफ इंडिया के तत्वावधान में होता था, जो इन उत्पादों को हलाल सर्टिफिकेशन प्रदान करता है।

गौरतलब है कि बीते दिनों मुंबई का इस्लाम जिमखाना खासा विवादों में रहा। एक महिला सदस्य ने जिमखाना के जनरल सक्रेटरी नुरुल अमीन और मेंबर रयान रजमी पर छेड़खानी करने का आरोप लगाया था।

# साइबर अपराध में वृद्धि... !




**मुंबई :** हम जितनी तेजी से डिजिटल दुनिया की ओर बढ़ रहे हैं, ठीक उतनी ही तेजी से साइबर अपराध की संख्या में भी वृद्धि हो रही है। चाहे एक-दूसरे देशों के प्रतिष्ठानों में सेंध लगाने का मामला हो या फिर बैंक खाते, एटीएम, मोबाइल बैंकिंग या सेंधमारी जैसे साइबर फजीवाड़ों से जुड़े अपराध हों या फिर ई-मेल, फेसबुक, व्हॉट्सऐप आदि में सेंधमारी के मामले हों, साइबर अपराध समाज और सरकारों के लिए गंभीर समस्या के रूप में उभरे हैं। हालात ये हैं कि कई लोगों के बैंक खाते पलक झपकते ही खाली हो जाते हैं और आदमी कंगाल हो जाता है। हिंदुस्थान सहित दुनियाभर में साइबर अपराध जिस तेजी से बढ़े हैं, उससे सरकारों की नींद उड़ जाना लाजिमी है। शायद ही कोई दिन ऐसा गुजरता होगा, जब किसी साइबर अपराध की खबर नहीं सुनाई पड़ती हो। साइबर अपराध का सबसे जटिल पक्ष यह है कि विश्व के किसी भी कोने में बैठकर इस अपराध को अंजाम दिया जा सकता है। वर्तमान में ऑनलाइन धोखाधड़ी, हैकिंग, फिशिंग बुलिंग इत्यादि जैसी समस्या से पूरा विश्व पीड़ित है। यहां तक कि विश्व का सर्वाधिक शक्तिशाली देश अमेरिका भी इससे अछूता नहीं है। हैकिंग को लोगों ने आज रुचि व व्यवसाय बना लिया है। विश्व के सभी देशों के सरकारी संस्थानों की साइट को कभी-कभी हैक करने का प्रयास किया जाता है। साइबर ठगी ऐसा विषय है, जिससे व्यक्ति को पता नहीं होता कि वह ठगा जा रहा है। यह भी पता नहीं होता कि कौन ठगी कर रहा है। पुलिस के लिए यही सबसे बड़ी चुनौती है कि केवल ठग का मोबाइल नंबर पता होता है। साइबर अपराध के कारण देश की अर्थव्यवस्था को भी नुकसान पहुंचता है। एक तरफ हैकिंग आदि का खतरा रहता है तो दूसरी तरफ इसे रोकने हेतु बड़ी मात्रा में राशि खर्च हो रही है। हिंदुस्थान में प्रतिवर्ष करोड़ों रुपए की क्षति साइबर अपराधों के कारण होती है तथा सुरक्षा के इंतजाम में भी करोड़ों रुपए खर्च करने पड़ते हैं। अमेरिका में तो प्रतिवर्ष इन अपराधों के कारण १० बिलियन डॉलर का नुकसान होता है।

# मुंबई में बैंककर्मी से लाखों लूटने वाले यूपी से गिरफ्तार

## 3 लाख नकद बरामद



**मुंबई :** मुंबई के भिवण्डी शहर थाना क्षेत्र में हुई लाखों रूपए लूट की घटना को, उत्तर प्रदेश पुलिस स्पेशल टास्क फोर्स (यूपी पुलिस एसटीएफ) ने सुलझा लिया है. इस सिलसिले में एसटीएफ ने दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार बदमाशों का नाम अरशद मोहम्मद, मूल निवासी मल्लावां, हरदोई, यूपी और अब्दुल सईद निवासी थाना पथरा- जिला सिद्धार्थनगर, यूपी है.

यह जानकारी उत्तर प्रदेश पुलिस एसटीएफ के विशेष पुलिस महानिदेशक अमिताभ यश ने दी. इन दोनो बदमाशों ने बेसीन कैथोलिक को-ऑपरेटिव बैंक, भिवंडी शाखा मुंबई के कर्मचारी से 11 लाख रुपए कैश लूट लिया था. जबकि इन लुटेरों को उन्ही 11 में से तीन लाख नकद के साथ गिरफ्तार सोमवार (7 नवंबर) को गिरफ्तार लखनऊ से किया गया. घटना के वक्त दोनो ही बदमाश भिवंडी, ठाणे में ही रह रहे थे.

घटना के वक्त दोनो बदमाशों के पास चाकू थे. वे दोनो मोटर साइकिल पर सवार होकर घटना को अंजाम देने गए थे. उस लूट की घटना का मुकदमा थाना भिवंडी शहर मुंबई में दर्ज किया गया था. लूट की उस घटना के सुलझाने में मुंबई पुलिस ने यूपी एसटीएफ से मदद मांगी थी. दोनो बदमाशों की गिरफ्तारी की सूचना मुंबई पुलिस को भी दे दी गई है. अब मुंबई पुलिस दोनो मुलजिमों को ट्रांजिट रिमांड पर ले जाने की तैयारी में है. इन बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ यूपी (लखनऊ) के डिप्टी एसपी दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई थी.

यूपी पुलिस एसटीएफ प्रमुख अमिताभ यश के मुताबिक, ''इस टीम में इंस्पेक्टर हेमंत भूषण सिंह, सब इंस्पेक्टर तेज बहादुर सिंह, हवलदार कृष्णकांत शुक्ल, सिपाही राम सिंह, सुनील कुमार, आलोक रंजन को शामिल किया गया था.



# जेल की महिला पुलिसकर्मी पत्नी को बेल्ट से पिटाई करने वाले पुलिस कांस्टेबल पर केस दर्ज!

## महिला पुलिसकर्मी के साथ एक्स्ट्रामैरिटल अफेयर का मामला




**पालघर :** एक्स्ट्रामैरिटल अफेयर को लेकर पूछताछ करने वाली पत्नी की बेल्ट से पिटाई कर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने वाले पुलिस कांस्टेबल पर केस दर्ज किया गया है. इस मामले में पुलिस कांस्टेबल संदीप हीरामन खंडागले उम्र 30, देवी लाइन, जेल कॉलोनी, येरवडा) के खिलाफ केस दर्ज किया गया है. संदीप खंडागले येरवडा ट्रैफिक विभाग में नियुक्त है. इस मामले में उसकी पत्नी ने येरवडा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है. यह घटना जून 2019 से जारी थी. इस पूरे मामले में यह जानकारी सामने आई कि संदीप खंडागले की महिला जेल पुलिसकर्मी से शादी हुई है.

संदीप ने शादी में मिले पत्नी के गहने पत्नी की जानकारी के बगैर बैंक में गिरवी रख दिए.जो उसने अब तक वापस नहीं किया है.उसने पालघर की महिला पुलिस कांस्टेबल के साथ एक्स्ट्रामैरिटल अफेयर रखा. इसे लेकर पत्नी ने पूछताछ की तो उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट की. हैरान कर देने वाली यह थी कि शिकायतकर्ता जब प्रेग्नेंट थी उस दौरान उसकी बेल्ट से पिटाई की. साथ ही पत्नी का वेतन खुद के एकाउंट में जमाकर शिकायतकर्ता को मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया.पुलिस मामले की जांच कर रही है.

# चलती ट्रेन में युवती से रेप के बाद हत्या...!



**उत्तर प्रदेश :** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के चंदौसी रेल मार्ग पर बरेली-अलीगढ़ पैसेंजर ट्रेन में युवती के साथ दुष्कर्म कर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में बरेली जीआरपी ने हत्या और दुष्कर्म का का मामला दर्ज कर जीआरपी के सिपाही सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। खाकी की इस दरिंदगी की चौतरफा निंदा हो रही है।

जानकारी के अनुसार बरेली की एक निजी कंपनी में काम करनेवाली अलीगढ़ निवासी २३ वर्षीया युवती का शव बरेली से अलीगढ़ जानेवाली पैसेंजर ट्रेन के दिव्यांग डिब्बे में २९ जून को मिला था। पहले बरेली जीआरपी ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था लेकिन पोस्टमार्टम में दुष्कर्म कर हत्या की पुष्टि के बाद पुलिस ने दुष्कर्म का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। इस बीच युवती के परिजनों ने कॉल रिकॉर्डिंग और पुरानी बातचीत के आधार पर चार लोगों पर संदेह जताया था। इसके बाद जीआरपी ने बरेली के एक कारपेंटर, बरेली की निजी कंपनी में काम करनेवाले शाहजहांपुर के युवक, अलीगढ़ के एक युवक और बरेली जीआरपी के सिपाही पर मामले में संदेह जताया था। चंदौसी जीआरपी टीम की शुरूआती जांच में युवती के बरेली स्टेशन पर खुद ट्रेन में सवार होने की बात सामने आई है। इससे स्पष्ट हो गया है कि युवती की हत्या ट्रेन में ही की गई थी। आरोपियों को संदेह के आधार पर हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपियों ने अपना अपराध कबूल कर लिया। चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी रेलवे अपर्णा गुप्ता ने बताया कि चारों को जेल भेज दिया गया है। इनमें शामिल बरेली जीआरपी के सिपाही को निलंबित कर दिया है। एसपी अपर्णा गुप्ता ने बताया कि आरोपियों की डीएनए जांच कराई जाएगी। डीएनए जांच के लिए चारों आरोपियों का सैंपल लिया जाएगा।

# नौकरी का झांसा देकर गुरुजी ने चेले से ठगे साढ़े तीन लाख रुपये, थमाया दिया फर्जी नियुक्ति पत्र




**उत्तर प्रदेश :** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में एक शिक्षक ने अपने पढ़ाए छात्र को नौकरी लगवाने के नाम पर ठग लिया। शिक्षक ने अपने साथी के साथ मिलकर एफसीआई में सुपरवाइजर की नौकरी दिलाने का वादा दिया। इसके लिए उन्होंने साढ़े तीन लाख रुपये लेकर फर्जी नियुक्ति पत्र भी दे दिया। जब युवक ने नियुक्ति पत्र पर बने क्यूआर कोड को स्कैन किया तो वह नहीं खुला। तब युवक को अपने साथ हुए धोखाधड़ी के बारे में पता चला। जब बाकी के रुपये लेने गुरु जी और उसके साथी आए चेले ने पुलिस बुलाकर उन्हें गिरफ्तार करवा दिया। ये मामला देवा थाना क्षेत्र के नरैनी गांव का है। भानु प्रताप सिंह ने बताया कि कासिमगंज के रहने वाले उदयभान वर्मा ने उसे क्लास आठवीं तक पढ़ाया था। एक दिन उसकी मुलाकात शिक्षक उदयभान से हुई।

# यात्रा के दौरान खराब थी AC... बुजुर्ग ने की शिकायत

## 5 साल बाद मिलेगा 50 हजार मुआवजा

**मुंबई :** ट्रेन में एयर कंडीशनिंग डिब्बे में यात्रा करने वाले लोग अक्सर खराब एसी को लेकर परेशान रहते हैं. लेकिन शिकायत की बात आती है तो लोग चुप्पी साध लेते हैं. वहीं एक बुजुर्ग ने यात्रा के दौरान खराब एसी की शिकायत की और अब उन्हें बकायदा 50 हजार रुपये मुआवजा मिलेगा. एक जिला उपभोक्ता आयोग ने रेल मंत्रालय को इस मुआवजे को देने का आदेश दिया है. साल 2017 में बुजुर्ग इलाहाबाद-मुंबई दुरंतो ट्रेन के प्रथम श्रेणी में यात्रा कर रहे थे. इसी दौरान उन्होंने खराब एसी की शिकायत की थी. उन्होंने अपनी शिकायत में कहा था कि खराब एसी के कारण उन्हें 42 डिग्री गर्मी को सहना पड़ा था.

रिपोर्ट के अनुसार आयोग ने कहा कि शिकायतकर्ता को गंभीर असुविधा का सामना करना पड़ा, साथ ही ताजी हवा के लिए कोई वैकल्पिक सुविधा नहीं थी. इससे उनका दम घुट गया और पूरी यात्रा के दौरान असुविधा हुई. जो शिकायतकर्ता की सेवा में घोर कमी है. भले ही उन्होंने आरामदायक और सुरक्षित यात्रा के लिए प्रथम श्रेणी



के महंगे टिकट का भुगतान किया हो. आयोग ने आगे कहा कि यह तथ्य है कि रेलवे ने शिकायतकर्ता शिवशंकर शुक्ला को एसी के काम न करने के कारण 1,190 रुपये का टिकट किराया वापस कर दिया था. रेलवे ने खुद ही साबित कर दिया कि रेलवे ने अपनी गलती स्वीकार कर ली है. शिवशंकर शुक्ला घटना के समय 60 साल के थे. शुक्ला अपनी शिकायत लेकर मई 2019 में दक्षिण मुंबई जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग में गए थे. उन्होंने अपनी शिकायत में कहा कि 3 जून, 2017 की शाम को इलाहाबाद जंक्शन से मुंबई की यात्रा के दौरान एयर कंडीशनर काम नहीं कर रहा था. शुक्ला ने प्रस्तुत किया कि उन्होंने इस मुद्दे को टिकट कंडक्टर के संज्ञान में लाया था. उन्होंने आगे शिकायत में कहा कि एसी टेक्नीशियन ने एसी सिस्टम की मरम्मत के लिए आवश्यक कदम उठाए लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ और उन्होंने गैस भरकर इसे ठीक करने का प्रयास किया और शुक्ला को 23.25 डिग्री के मानक शीतलन तापमान के बारे में आश्वासन दिया. लेकिन ऐसा नहीं हुआ.

# ठाणे में 480 टीबी रोगियों को मुफ्त खाद्यान्न किट वितरित किए गए

**ठाणे :** ठाणे शहर के क्षय रोग अधिकारी एवं कोविड सेल के प्रमुख चिकित्सक प्रसाद पाटिल के नेतृत्व में सोमवार, 7 नवंबर को ठाणे शहर के 480 टीबी रोगियों को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ठाणे शहर के जिला अध्यक्ष विधायक निरंजन दावखरे की उपस्थिति में मुफ्त खाद्यान्न वितरित किया गया. . ठाणे नगर निगम (टीएमसी) मुख्यालय स्थित नरेंद्र बल्लाल सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान निक्षय मित्र योजना के तहत लगभग 480 तपेदिक रोगियों को भोजन किट वितरित किए




गए। विधायक निरंजन दावखरे ने छह महीने के लिए 300 मरीजों को गोद लिया है, और अन्य परोपकारी लोगों ने 180 मरीजों को अपनाया है। टीएमसी क्षेत्राधिकार में लगभग 4800 टीबी रोगियों ने पोषण आहार के लिए अपना नाम दर्ज कराया है, इनमें से 480 रोगियों को छह महीने के लिए पोषण आहार प्रदान किया जाएगा। डॉ प्रसाद पाटिल ने कहा, "निक्षय मित्र योजना के तहत कोई भी धर्मार्थ व्यक्ति छह महीने के लिए एक मरीज को गोद ले सकता है और एक मरीज के लिए लागत 6,000 रुपये होगी। एक धर्मार्थ व्यक्ति छह महीने के लिए कितने भी मरीजों को गोद ले सकता है। यह है वास्तव में बहुत अच्छा है कि भाजपा विधायक निरंजन दावखरे आगे आए और 380 टीबी रोगियों को गोद लेकर इस योजना में अपना समर्थन दिया।"

# मुंबई पुलिस ने 'कॉपीराइट' उल्लंघन के आरोप में वीर दास, नेटफ्लिक्स के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की

**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने एक निर्माता की शिकायत के बाद "कॉपीराइट" नियमों के उल्लंघन के आरोप में हास्य अभिनेता वीर दास, दो अन्य व्यक्तियों तथा ओटीटी मंच नेटफ्लिक्स के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। निर्माता अश्विन गिडवानी ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में कहा है कि अक्टूबर 2010 में उनकी कंपनी ने एक शो के निर्माण के लिए दास के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे। कफ परेड थाने के एक अधिकारी ने कहा कि शिकायत के अनुसार, जनवरी 2020 में,



जब गिडवानी ने नेटफ्लिक्स पर दास के एक नये शो का टीजर देखा, तो निर्माता ने पाया कि कुछ सामग्री को (2010 के) पिछले शो से कथित तौर पर कुछ बदलावों के साथ जस का तस लिया गया था। अधिकारी ने कहा, "गिडवानी की शिकायत के आधार पर चार नवंबर को दास, दो अन्य व्यक्तियों और नेटफ्लिक्स सेवा के खिलाफ कॉपीराइट अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था।" उन्होंने बताया कि इस मामले में अभी तक किसी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं किया गया है, और मामले के संबंध में जांच की जा रही है। सोमवार को, दक्षिणपंथी समूह 'हिंदू जनजागृति समिति' ने दास के खिलाफ बेंगलुरु पुलिस से दास के शो को रद्द करने की मांग करते हुए कहा कि यह हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को आहत करेगा।



## ...१० फीसदी आरक्षण जारी रहेगा 'ईडब्ल्यूएस' कोटा



**नई दिल्ली :** देश की सबसे बड़ी अदालत यानी सुप्रीम कोर्ट ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) को १० फीसदी आरक्षण दिए जाने के फैसले को हरी झंडी दे दी है। कोर्ट ने केंद्र सरकार के फैसले पर अपनी मुहर लगाई है। चीफ जस्टिस यूयू ललित की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय बेंच ने ३-२ से फैसला सुनाया है। चीफ जस्टिस यूयू ललित के नेतृत्व में ५ जजों की पीठ ने ३-२ से संविधान के १०३वें संशोधन को सही ठहराया। आरक्षण के खिलाफ दलील दी गई थी कि यह १०३वां संविधान संशोधन के साथ धोखा है। हालांकि चीफ जस्टिस यूयू ललित और जस्टिस रवींद्र भट ने ईडब्ल्यूएस कोटा के खिलाफ अपनी राय रखी। बाकी तीन जजों ने कहा कि यह संशोधन संविधान की मूल भावना के खिलाफ नहीं है। गौरतलब है ईडब्ल्यूएस कोटे में सामान्य वर्ग को १० फीसदी आर्थिक आधार पर आरक्षण मिला हुआ है, इस फैसले को चुनौती दी गई थी।

## बच्चा गोद लेने की प्रक्रिया जटिल...!

### सुप्रीम कोर्ट लगा चुका है फटकार...



**मुंबई :** भारत में बच्चा गोद लेने की प्रक्रिया बहुत ही जटिल है, जिसका फायदा बच्चा चोर गिरोह उठा रहा है। निःसंतानों को आसानी से संतान का सुख प्राप्त हो सके, इसलिए बच्चे की आस लगाए बैठे लोगों को बच्चा चोर गिरोह बच्चा मुहैया करा रहा है। इसकी एवज में उन्हें मोटी रकम भी मिलती है। ऐसे में बच्चा चोरी की घटनाओं को मुंबई सहित अन्य शहरों में धड़ल्ले से अंजाम दिया जा रहा है। बच्चा गोद लेने की जटिल प्रक्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने भी केंद्र सरकार को फटकार लगाई है और इसे सरल करने के लिए कहा है। बता दें कि पिछले दिनों सेंट जेवियर्स कॉलेज के सामने बच्चा चोरी किया गया था। इस मामले में आजाद मैदान पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज होने पर मुंबई पुलिस ने आठ अलग-अलग टीम बनाकर जांच शुरू की, जिसके बाद सीसीटीवी कैमरों की मदद से बच्चा चोरी करनेवाले दंपति को वडाला से गिरफ्तार किया गया और बच्चा उनके पास से बरामद हुआ। पूछताछ के बाद इस गिरोह के तीसरे सदस्य को भी धारावी से गिरफ्तार किया गया। उससे पूछताछ में खुलासा हुआ था कि उसने पहले भी बच्चे चोरी कर बेचे हैं। इस जानकारी के बाद बच्चा खरीदनेवाले निःसंतान दंपति को मानखुर्द से गिरफ्तार कर बच्चा बरामद किया गया था।

मुंबई हाईकोर्ट की एडवोकेट सिद्ध विद्या ने बताया कि गोद लेने की प्रक्रिया अधिक होने के कारण निःसंतान लोग मायूस हो रहे हैं। ऐसे गिरोह के संपर्क में आकर उनके शिकार बनते हैं, जिसके कारण बच्चा चोर गिरोह भी काफी तेजी से सक्रिय हुआ है। इसके लिए कहीं न कहीं अब लगाम लगाने की जरूरत है।

सूत्रों की मानें तो पुलिस ने जब मानखुर्द से निःसंतान दंपति को गिरफ्तार कर पूछताछ की, तब उन्होंने बताया कि उन्हें संतान नहीं थी। काफी समय से संतान की चाह थी लेकिन काफी कोशिश के बावजूद संतान सुख नहीं मिल पा रहा था। इसके लिए गोद लेने की कोशिश भी उन्होंने की, परंतु उसमें जटिल प्रक्रिया होने के चलते समय बीता जा रहा था। इस बीच धारावी से गिरफ्तार आरोपी का इससे संपर्क हुआ। उसने तीन लाख में बच्चा देने का वादा किया था। इसके लिए उन्होंने तीन लाख में जेवरात गिरवी रखकर उससे बच्चा खरीदा था।

## जर्जर गोखले पुल बंद... अंधेरी में ट्रैफिक जाम!

**मुंबई :** अंधेरी में जर्जर हो चुके गोखले पुल को कल से वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया है, जिसके चलते आस-पास की सड़कों पर भारी ट्रैफिक जाम देखने को मिला। इस पुल के विकल्प के रूप में दिए गए ६ मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। एस.वी. रोड सहित लिंक रोड पर हमेशा ट्रैफिक देखने को मिलता था लेकिन अब अंधेरी-पश्चिम के वसोर्वा, चार बंगला, सात बंगला, यारी रोड, स्वामी समर्थ नगर से वेस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे की तरफ से आने-जानेवाले लोगों को अधिक समस्या का सामना करना पड़ा। ये लोग पहले गोखले पुल से होकर आसानी से से कनेक्ट होते थे।



इस पुल से बस, रिक्शा, टैक्सी और बड़े वाहन पास हो जाते थे लेकिन अब वाहनों को ट्रैफिक विभाग की ओर से वैकल्पिक मार्ग से गुजरना पड़ रहा है, जिसकी वजह से विलेपार्ले, जोगेश्वरी और गोरेगांव के पश्चिमी भाग में एसवी रोड पर भारी ट्रैफिक है। बता दें कि अक्टूबर में मनपा की ओर से हुए स्ट्रक्चरल ऑडिट के दौरान इस पुल को खतरनाक पाया गया, जिसके बाद अप्रैल में मनपा ने काम शुरू किया। पुल की स्थिति को देखते हुए इसे नए सिरे से बनाया जाएगा। इसके लिए कुल १६० करोड़ रुपए खर्च निर्धारित है।

पुल पर आवाजाही बंद करने के साथ मनपा ने ६ वैकल्पिक मार्ग सुझाए हैं, जिनमें विलेपार्ले, खार सबवे, मिलन सबवे, सांताक्रुज सब-वे, सांताक्रुज उड़ान पुल, अंधेरी सबवे, जोगेश्वरी बालासाहेब ठाकरे उड़ान पुल, मृणाल ताई गोरे गोरेगांव पुल शामिल हैं, लेकिन इन वैकल्पिक मार्गों पर भी सोमवार को ट्रैफिक जाम रहा।

## सांसद नवनीत राणा के फर्जी जाति प्रमाण पत्र मामले में २८ को होगी अगली सुनवाई...!



**मुंबई :** सांसद नवनीत राणा के फर्जी जाति प्रमाण पत्र मामले में कल सुनवाई के दौरान शिवड़ी मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट कोर्ट ने पुलिस को कड़े शब्दों में फटकार लगाई है। शिकायतकर्ता जयंत वंजारी ने कोर्ट के संज्ञान में लाया कि नवनीत राणा के खिलाफ अदालत द्वारा जारी गैर-जमानती वारंट पर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की है। इस संबंध में कोर्ट ने मुंबई पुलिस आयुक्त को निर्देश दिया कि वह लोकसभा अध्यक्ष को मामले के संबंध में पत्र लिखें। साथ ही संबंधित पुलिस उपायुक्त को इस संबंध में तत्काल कार्रवाई रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। बता दें कि कोर्ट में सुनवाई के दौरान मुलुंड पुलिस स्टेशन के एपीआई ने नवनीत राणा मामले में कार्रवाई के लिए समय मांगा लेकिन कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा कि यहां कोर्ट के आदेश का पालन नहीं हो रहा है। कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है? जबकि आरोपी महाराष्ट्र में ही है। कोर्ट ने पुलिस के और समय के अनुरोध को खारिज कर दिया। फिलहाल नवनीत राणा के मामले में अगली सुनवाई २८ नवंबर को होगी। बता दें कि सांसद नवनीत राणा पर आरोप है कि उन्होंने अपने चुनावी एफिडेविट में फर्जी जाति प्रमाण पत्र लगाया था। इस फर्जी सर्टिफिकेट के खिलाफ शिवसेना के पूर्व सांसद आनंदराव अडसूल और सुनील भालेराव ने बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इसके बाद हाईकोर्ट ने जून २०२१ में नवनीत राणा का जाति प्रमाण पत्र रद्द किया था। इसके अलावा उनके ऊपर दो लाख का जुर्माना भी ठोका था।

## मीठी नदी का पानी होगा स्वच्छ...!

**मुंबई :** मुंबई में मीठी नदी सबसे चर्चित और बड़ी नदी है। वर्ष २००५ जुलाई में मुंबई में बाढ़ के लिए एक वजह मीठी नदी को भी माना गया था लेकिन अब उस मीठी नदी का कायाकल्प कर मनपा ने काफी हद तक स्थिति में सुधार किया है। अब एक बड़ा कदम उठाते हुए मीठी नदी के पानी को साफ रखने के लिए मनपा ने कुल २६ गेट इस नदी के अलग- अलग आउटफॉल पर लगाने का निर्णय लिया है। मनपा ने मीठी नदी में बहनेवाले सीवेज (गंदा पानी एवं कचरे) को रोकने के लिए यह योजना बनाई है। इससे नालों से सीधे नदी में मिलनेवाले गंदे पानी को फिल्टर कर नदी में छोड़ा जाएगा। माहिम कॉजवे और प्रेम नगर आउटफॉल्स में इसे प्रायोगिक तौर पर बनाया जाएगा।



इस योजना को सफल होने के बाद मनपा मीठी नदी का जल गुणवत्ता सुधार परियोजना के तहत माहिम क्रीक और अंधेरी हवाई अड्डे के बीच कुल २६ गेट बनाएगी। इससे सीवेज और औद्योगिक कचरे को रोकने, प्रदूषण को कम करने और पानी की गुणवत्ता बढ़ाने में मनपा को मदद मिलेगी। मीठी नदी के कायाकल्प के लिए कुल २,१०० करोड़ रुपए की निधि आवंटित की गई है। पहले चरण में १,१०० करोड़ रुपए खर्च होंगे, जिसमें वाकोला नदी का विकास भी होगा। माहिम के कॉजवे, सीएसटी ब्रिज और प्रेम नगर आउटफॉल के बीच निर्माण परियोजनाओं के लिए दो निविदाएं जारी की जा चुकी हैं।

बता दें कि मीठी नदी का निर्माण नदी विहार और पवई की झीलों के ओवरफ्लो होने से हुआ है। इन झीलों को ओवरफ्लो होने पर पानी यहां से बहकर माहिम क्रीक से होते हुए अरब सागर में जा मिलता है। यह नदी मुंबई के उपनगरों से होकर १७.६ किमी तक बहती है लेकिन बाकी समय में नालों के पानी और कचरों से यह नदी जाम हो गई थी। बड़ी संख्या में इसके किनारे अतिक्रमण हो गया था। हालांकि मनपा ने धीरे-धीरे कुछ अतिक्रमण हटाए हैं। मनपा ने पहले ही मीठी नदी के पानी की गुणवत्ता में सुधार के लिए अनुसंधान और सिफारिशें करने के लिए एक सलाहकार को नियुक्त किया है।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com